## एक नजर में

### श्री गुरु सिंह सभा की कार्यकारिणी का विस्तार



**बड़वाह, निप्र।** स्थानीय सिख समाज की सर्वोच्च संस्था श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह भाटिया ने आज अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया कार्यकारिणी में सरदार परविंदर सिंह ,सरदार गुलबीर सिंह सचिव तथा सरदार हरविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया कार्यकारिणी में सरदार सतविंदर सिंह भाटिया को मीडिया प्रभारी तथा सह सचिव पद पर नियुक्त किया गया। समिति में सात उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। समिति में स्टोर समिति, निर्माण समिति, लंगर समिति, गोविंद सराय धर्मशाला समिति के सदस्य , मार्ग दर्शक मंडल के सदस्यों को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटिया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की तथा सभी को मिलजुलकर समाज हित में एवं संगत के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया। सभी सदस्यों ने अध्यक्ष की बात का समर्थन करते हुए विश्वास दिलवाया कि हम सभी मिलकर समाज हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर सरदार अवतार सिंह राजपाल एवं सरदार रविंदर सिंह का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरदार सुरजीत सिंह,सरदार जितेंदर सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सरदार प्रदुमन सिंह, सरदार इकबाल सिंह, सरदार रघुबीर सिंह, सरदार कमलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे

### सांदीपनि विद्यालय को मिला नया प्रभारी प्राचार्य

**कसरावद, निप्र।** नगर के सांदीपनि विद्यालय में लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद आखिरकार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बड़ा फैसला लिया है। छात्राओं से जुड़े गंभीर आरोपों में घिरे प्राचार्य कंचनसिंह डाबर को पद से हटाकर रेगवां अटैच कर दिया गया है। इसके साथ ही सांदीपनि विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा का चयन पूर्व में परीक्षा उत्तीर्ण कर नियमानुसार हुआ था। विद्यालय के शेष शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रभारी प्राचार्य का दायित्व संभालने से लिखित रूप में असहमति जताए जाने के बाद डॉ. वर्मा ने आगे आकर अपनी सहमति दी। मामला जिलाशिक्षा अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से अनुमोदन मिलने के बाद उनकी नियुक्ति के आदेश जारी हुए। प्रशासन के इस निर्णय को विद्यालय में व्याप्त असंतोष और अव्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद अब विद्यालय में शैक्षणिक माहौल सुधरने और भरोसे की बहाली की उम्मीद जताई जा रही है।



### बिस्टान में सात दिवसीय पवित्र श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बिस्टान, निप्र।** बिस्टान समीप बन्हेर ग्राम में 15 जनवरी 2026 से सात दिवसीय पवित्र श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथा प्रवक्ता ब्रह्मलीन संत श्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी महाराज के शिष्य एवं चारुकेश्वर आश्रम ओंकारेश्वर के संत श्री राधे चैतन्य महाराज के मुखारविंद से ज्ञान गंगा का श्रद्धालु, श्रोता रसपान करेंगे।21 जनवरी तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्रवासीयो में बड़ा उत्साह देखा जा रहा है।आयोजन अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार अंतर्गत श्री सेवालाल सेवा समिति कसारपुरा एवं नौ-टांडा के तत्वाधान में ग्राम के कसारपुरा फाटे पर रखा गया है। कथा का समय दोपहर 12 से 3 :00 बजे तक रखा गया है। रविवार को सुबह 8 :00 बजे श्री हनुमान मंदिर अनकवाड़ी से संत श्री के साथ शोभायात्रा निकल कर शिव मंदिर कसारपुरा पहुंचेगी ।तत्पश्चात 10 :00 बजे कलश यात्रा शिव मंदिर कसारपुरा से शुरू होकर श्री शिवालाल चौराहा होते हुए कथा पंडाल पहुंचेगी।आयोजनकर्ता समिति सदस्य कमलेश राठौर एवं लोकेश पंवार ने बताया कि पूरे एक सप्ताह चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान के दौरान कथावाचक संतश्री की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में ग्राम बन्हेर, कसारपुरा सहित बंजारा समाज बहुल नौ-टांडो (गांवों) में क्रमश : राम नाम संकीर्तन प्रभात-फेरी एवं संध्या-फेरी भी निकाली जाएगी ।निर्बाध गति से सप्ताहभर चलने वाले धार्मिक कार्यक्रम के लिए समिति द्वारा उत्साह पूर्वक जोरशोर से तैयारीयों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।साधक परिवार द्वारा संत श्री के मुखारविंद से निकलने वाले अमृत वचनों का श्रवण लाभ लेने की अपील लोगों से की है।

### जुआरियों के ठिकाने पर दबिश, आधा दर्जन जुआरियों से 41 हजार जब्त



**खरगोन, निप्र।** जिले में चल रहे जुएं के ठिकानों पर पुलिस सख्त निगरानी रख रही है।इसी निगरानी के चलते बिस्टान थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र में चल रहे जुएं अड्डे पर दबिश देकर 6 जुआरियों को करीब 41 हजार 300 रुपए की बड़ी राशि के साथ गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर ग्राम जगन्नाथपुरा रोड, ग्राम पेनपुर में पेड़ के नीचे ताश- पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से धर्मेन्द्र पिता भारत सिसौदिया ग्राम बालाजी नगर बिस्टान, ऐचलिया पिता सोमलिया बामनिया निवासी ग्राम झगडी, सुरेश पिता कालू जमरे निवासी ग्राम अनकबाडी, धर्मेन्द्र पिता नत्थु वर्मा निवासी ग्राम पेनपुर, पीरू पिता दुटिया निवासी ग्राम दामखेडा एवं लखन पिता प्रताप उर्फ भाईटा बारेला निवासी ग्राम गोपालपुरा को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 41 हजार 300 एवं 03 महंगें मोबाइल फोन जब्त किए गए।आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई।

### पीजी कॉलेज में लगाई रचनात्मक प्रदर्शनी

**खरगोन, निप्र।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में मनोविज्ञान विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न कलात्मक एवं नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने बेकार एवं अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर अत्यंत सुंदर और उपयोगी कलाकृतियों का निर्माण किया। भारतीय ज्ञान परंपरा को दर्शाते हुए आश्रम व्यवस्था एवं सोलह संस्कारों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए गए, जिनसे विद्यार्थियों की सांस्कृतिक समझ और शोधपरक दृष्टि झलकती है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका दुबे ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना बर्वे, डॉण् रवींद्र बर्वे ने प्रदर्शनी को प्रेरणादायक और समाजोपयोगी बताया। प्रो ललित भटानिया, डॉ. गणेश पाटिल, ग्रंथपाल गोविंद यादव, शिवानी कर्मा, प्रो. कैलाश चौहान, प्रो. जगदीश पावरा, डॉ. कैलाश राय आदि उपस्थित रहे।



# तारापुर में शिकारी पारधी समाज का सम्मान समारोह

## इस दौरान कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन भी किया

नवभारत न्यूज



**कसरावद, निप्र।** शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार मुकाम हासिल कर सकता है। खुली आंखों से देखा गया सपना तभी सार्थक होता है, जब उसे पूरी निष्ठा, सच्ची लगन और शिद्दत से परिश्रम के साथ पूरा करने का संकल्प लिया जाए। निश्चित तौर पर मंजिल मिलती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाए, क्योंकि शिक्षा ऐसा माध्यम है जो प्रगति के द्वार स्वयं खोल देती है और मनचाही मंजिल तक पहुंचने का रास्ता आसान बनाती है। यह विचार भोपाल निवासी केके सोनगरिया, प्रमुख अभियंता (पीएचई विभाग) ने धार जिले के तारापुर स्थित मां शतचंडी देवी मंदिर परिसर में शिकारी पारधी समाज द्वारा आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में व्यक्त किए। अपने सेवानिवृत्त होने पर समाजजनों द्वारा किए गए सम्मान से अभिभूत सोनगरिया ने समाज के युवाओं को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम में समाज के संभागीय अध्यक्ष सुरेशचंद्र पवार ने कहा कि समाज की एकजुटता से ही प्रगति संभव है। उन्होंने आगामी समय में युवक-युवती परिचय सम्मेलन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में समाज की सक्रिय भागीदारी तथा देवी मंदिर परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने समाजजनों से संगठित होकर सामाजिक उत्थान के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। महिलाओं और युवाओं ने समाज की बेहतरी, शिक्षा के विस्तार और सामाजिक सहभागिता को लेकर सुझाव रखे। कार्यक्रम का संचालन भगवान चौहान ने किया। इस अवसर पर शिकारी समाज संगठन द्वारा नववर्ष के अवसर पर भी समाजजनों को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम से पूर्व मां शतचंडी देवी का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कसरावद के पंडित राजकुमार गांवशिंदे एवं दीपक जोशी ने पूजन संपन्न कराया। गरिमामय समारोह में अजय वर्मा, भगवान चौहान, अरुण वर्मा, अविनाश वर्मा, चिंटू यादव, मनीष यादव, राजू चौहान, नरेंद्र चौहान , मंशाराम, हेमंत नागझीरिया सहित बड़ी संख्या मे महिलाऐ पुष्पा पवार, सरोज वर्मा, संध्या सोनग़रिया एवं समस्त युवक युवती संगठन उक्त कार्यक्रम में उपस्थितरहे। महिलाएं, युवक-युवतियां उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद् ने मनाई स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती



**भीकनगांव, निप्र।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद नगर इकाई भीकनगांव द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती का कार्यक्रम युवा दिवस पखवाड़े के अंतर्गत स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर भीकनगांव में मनाया, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वामी विवेकानंद जी एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि: अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा ने बताया की स्वामी जी के विचार आज के युवा अधिवक्ताओं के लिए उनके आदर्श 'न्याय और सत्य' के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, विशिष्ट अतिथि: न्यायिक मजिस्ट्रेट निर्भय गरवा जी एवं राजेंद्र कुमार बर्मन, अभिभाषक संघ अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन आदि ने बताया की परिषद् के ऐसे आयोजन से अधिवक्ताओ में नई ऊर्जा का संचार होंगा, कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता पवन लववंशी किया तथा आभार अधिवक्ता अंकित मालीवाल ने माना.. इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व आध्यक्ष अक्षय अग्रवाल, पवन चौबे, हिमांशु अत्रे, जयपाल सगर,राहुल गुप्ता, आशिफ़ शेख, कुलदीप चंदेल, यश गुप्ता, अभिन्न कुमार शुक्ला, बसंत गुप्ता, मोनिका दीक्षित, अजय राठौड़, दीपक महाजन, शैलेन्द्र गुप्ता, रमेश साबले , संजय भार्वे, दिलीप दंगोंड़े, मनोज तौर, राहुल दंगोंड़े,आदि उपस्थित रहे।

# दुकान का ताला तोड़कर चुराईं थी बैटरियां 18 नग बैट्री के साथ दो भाई गिरफ्तार



**खरगोन, निप्र।** दुकान का ताला तोड़कर बैटरी चोरी करने वाले 02 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनका साथी फरार है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी मुकेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21-22 दिसंबर की दरमियानी रात त्रिकोण चौराहा सनावद में सेल्फ आल्टीनेटर वायरिंग की दुकान में चोरी की वारदात घटित हुई है। चोर दुकान से 19 नई बेटरी एवं 04 बेटरी पुरानी कुल 23 बैटरी एवं ट्रेक्टर का सेल्फ चुरा कर ले गया है। पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश के लिए गठित टीम ने चोरी के घटनास्थल एवं आसपास के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया। फुटेज चेक करने पर संदिग्धों को चिन्हित कर तलाश शुरु की। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक सवारी टैम्पू क्रमांक एमपी 09 आर 1764 को रोका गया। जिसमें बैठे दिखाई व्यक्तियों ने अपना नाम मोईन पिता मोहम्मद शबीर निवासी गीता नगर राजा पैट्रोल पम्प के पीछे चंदन नगर इन्दौर एवं दूसरे ने अपना नाम नईम पिता मोहम्मद शबीर उम्र 35 साल निवासी गीता नगर राजा पैट्रोल पम्प के पीछे चंदन नगर इन्दौर का होना बताया । दोनों को अभिरक्षा में लेकर बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त चोरी को अपने एक और अन्य साथी के साथ मिलकर करना स्वीकार किया गया। दोनों की निशानदेही पर चोरी गई 18 बैटरीयां कीमती लगभग 1 लाख 26 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त टैम्पू को जब्त किया है।

# मकर संक्रांति पर श्री नवग्रह मंदर में उमड़ी आस्था तिल-गुड़ लड्डू और मोदक की महाप्रसादी बांटी





**खरगोन, निप्र।** मकर संक्रांति पर शहर के श्री नवग्रह मंदिर सहित एकादशी का संयोग होने से सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कई मंदिरों में भगवान के दरबार को रंग-बिरंगी पतंगों से सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन के बाद तिल-गुड़, मूंग दाल, चावल की कच्ची खिचड़ी का दान कर खुशहाली की कामना की। नवग्रह मंदिर पुजारी पंडित लोकेश जागीरदार ने बताया यहां अलसुबह से देरशाम तक लगातार 18 घंटे तक 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं द्वारा दान का महत्व होने से कच्ची खिचडी, अनाज, कपड़े, कंबल, शॉल आदि गरीबों, जरुरतमंदों को दान कर पुण्य लाभ लिया। श्रीनवग्रह मंदिर में मकर संक्राति पर्व पर नवग्रहो का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर के बाहर 151 पंडितों द्वारा श्री सत्यनारायण कथापाठ कराया गया। शाम को 7 बजे महाआरती हुई। इसके अलावा कई श्रद्धालूओं ने पवित्र नदीयों में डूबकी लगाकर सुर्य देवता को अर्ध्य दिया। मकर संक्रांति का महापर्व पर नवग्रह की अधिष्ठात्री व अष्टम् महाविद्या श्री बगलामुखी देवी, ग्रहों के राजा श्री सूर्यदेव सहित नवग्रहों का भव्य श्रृंगार किया गया। ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर में विराजमान बगलामुखी देवी, ब्रह्मास्त्र, सूर्यचक्र, सूर्यदेव सहित नवग्रहों का महापूजन, महाश्रृंगार कर प्रथम महाआरती सुबह 7 बजे हुई।

# खरगोन के ग्राम पीपरखेड़ा में आनंद उत्सव मनाया





**बिस्टान, निप्र।** ग्राम विकास पखवाड़ा 12जनवरी से 26जनवरी 2026 तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत विकाश खंड गोगावा जिला खरगोन के ग्राम पीपरखेड़ा में आनंद उत्सव मनाया गया। ग्राम पंचायत पीपरखेड़ा सरपंच श्रीमती शकुन्तला महेंद्र किराड़े, कुकड़ोल सरपंच श्री परसराम वास्कले एवं उपसरपंच सोना बाई वास्कले द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में स्कूली छात्र - छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, चेयर रेस का खेल खेला गया, रस्साकस्सी के द्वारा शिक्षक ,अतिथियों की टीम से ग्रामीणोजनों की टीम ने जोर आजमाइश दिखाई। परामर्शदाता अखिलेश वर्मा ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद् ब्लॉक समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता ने सम्बोधित कर जीवन में आनंद का महत्व बताया । नवांकुर संस्था अध्यक्षद्वय सुमेरसिंग सोलंकी, यशवंत पाटिल, ग्राम प्रस्फुटन समिति पीपरखेड़ा अध्यक्ष जयराम सोलंकी, प्रबूध्जन छतरसिन्ग पटेल, डोंगर सिंह वास्कले, रामदास चोहान संतोष नामदेव, महेंद्र किराड़े, सहायक सचिव रोहीत सिंह, मोबीलाईजर सपना डावर, विद्यालय संस्था प्राचार्य श्रीमती बीन्दा बघेल ,मोनिका श्रीवास्तव समस्त विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनारसिंह बर्डे ने किया। आभार पीपरखेड़ा ग्राम पंचायत सचिव नेपाल मंडलोई ने माना।

# 25 अर्ध्य समर्पित कर सम्मेद शिखरजी विधान रचाया गया



**सनावद, निप्र।** धर्म प्रभावना में सदैव अग्रणी रहे नगर सनावद में मकर सक्रांति के अवसर पर समाजजनों के द्वारा सम्मेद शिखर मंडल विधान रचाया गया। सन्मति जैन काका ने बताया कि मकर सक्रांति के अवसर पर श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन खंडेलवाल छोटा मंदिर में सभी समाजजनों के द्वारा पंडित राजमल परैया द्वारा रचित श्री सम्मेद शिखर जी मंडल विधान रचाया गया । जिसमें 25 अर्घ्य अलग अलग पुण्यराजक परिवार के द्वारा समर्पित किए गए। इस अवसर प्रशांत चौधरी, सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले, संगीता पाटोदी के द्वारा प्रत्येक अर्घ्य का महत्व समझाया गया।

**एक नजर में** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जी-हब पहल की प्रारंभ

# खरगोन जिले के समग्र आर्थिक विकास एवं निवेश संभावनाओं पर किया मंथन

नवभारत न्यूज



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की उपस्थिति में जिला स्तरीय समीक्षा एवं विचार- विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में विजन. 2047 एवं दिल्ली. मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों को दृष्टिगत रखते हुए जिले की विकास संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जी-हब पहल प्रारंभ की है। इस पहल के अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करते हुए औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, मानव संसाधन एवं संस्थागत क्षमताओं का समेकित आकलन कर दोनों क्षेत्रों के लिए इकनॉमिक प्लान तैयार किया जा रहा है। नीति आयोग की प्रधान सलाहकार एवं कार्यक्रम निदेशक सुश्री एना रॉय ने बताया कि नीति आयोग द्वारा वर्ष 2023 में शहरी नियोजन हेतु ग्रोथ हब फॉर सिटी रीजन की नई अवधारणा प्रारंभ की गई है। वर्तमान में भोपाल एवं इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन की योजना तैयार की जा रही है, जिसमें खरगोन एवं खंडवा जिला इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन के घटक हैं। कलेक्टर ने बताया कि खरगोन जिले में 08 औद्योगिक क्षेत्र है। जिसमें से 02 प्रगतिरत है व 06 क्षेत्र पूर्ण विकसित नोड के रूप में कार्यरत है। बैठक में बताया कि जिले में कपास व मिर्च का बड़ा रकबा है जिसमें असीम संभावनाए है। खाद्य प्रसंस्करण, सामान्य उद्योग एवं कृषि आधारित उत्पादों को प्रमुख विकास प्रेरक के रूप में चिन्हित किया गया। पर्यटन क्षेत्र में महेश्वर इको.टूरिज़्म, ऐतिहासिक, साहसिक एवं वेलनेस पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नर्मदा नदी किनारे अहिल्या लोक विकसित करने पर चर्चा की गई। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों में अपार संभावनाओं को देखते हुए कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना पर चर्चा हुई। बैठक में अवसंरचना एवं कौशल विकास, समन्वित विकास, उद्योगों से संबंधित नियामक अड़चनों, भूमि उपलब्धता,ए पर्यावरणीय चुनौतियों एवं कौशल अंतर को दूर करने हेतु समन्वित प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, नीति आयोग दल के अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, औद्योगिक प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।